कॉन/ एफ ए सचिव /AGM 2022/108/ दिनांक 29.09.2022

**Sub: Chairman Speech at 34th AGM held on 28.09.2022.**

Please find enclosed the copies of the Chairman Speech at 34th Annual General Meeting of CONCOR, published in the newspapers on 29.09.2022 in 'Times of India, Economic Times, Hindustan Times, Mint, Financial Express, Indian Express, Business Standard, Hindu & Hindu Business Line' in English language and in 'Navbharat Times, Hindustan, Jansatta & Business Standard' in Hindi language, in all India edition.

This is for your information and record.




# REVOLUTIONIZING LOGISTICS FOR NATIONAL GROWTH




INDIGENOUS CONTAINER MANUFACTURING

कॉनकॉर CONCOR

Azadi Ka Amrit Mahotsav



DOUBLE STACK TRAIN ON DFC

CONTAIER AS WAREHOUSE



BULK CEMENT HANDLING



END TO END LOGISTIC SOLUTION




# CHAIRMAN'S SPEECH AT 34th AGM OF CONTAINER CORPORATION OF INDIA


**V Kalyana Rama**
Chairman and Managing Director


**Dear Members,**

A very warm good afternoon to all of you. It is my privilege and honour to welcome you at this 34th Annual General Meeting of your Company. On behalf of the entire Board and Management, I would like to thank each one of you for sparing your precious time and connecting with us virtually once again.

First of all, I congratulate you on Azadi Ka Amrit Mahotsav celebrating 75th year of India's Independence. Over these years backed by the committed workforce and robust democracy, India has emerged as one of the fastest growing economy in the world. At present, India is the World's fifth largest economy and is expected to be among top three economies globally over the next decade.

Due to Covid-19 pandemic, the last two years were challenging for all of us. It is indeed satisfying to see that the world has almost overcome the pandemic now. However, there is a widespread uncertainty, owing to severe economic stress, untamed inflation, geopolitical tensions and supply chain disruption, which is threatening to trigger global recession. In such an unpredictable environment, it is heartening that our country has demonstrated admirable resilience and robust recovery driven by the Government's proactive policy measures and skillful management of the pandemic. It is commendable that while astutely addressing immediate challenges, the Government has continued to carry out path breaking reforms and policy interventions to create conducive environment enhancing our competitiveness globally. As a result, the India story is thriving and our Country is poised to attract global investments and grow steadily in future.

Amidst the global disruptions and challenges, your Company has kept its focus on providing uninterrupted logistics support with its efficient services to the trade and industry. It has performed consistently well and improved its strong fundamentals. Your Company is optimistic about the economic scenario going forward and is well poised to seize the emerging business opportunities.

The report of the Directors and Audited Accounts for the year ended 31st March 2022, with the reports of Auditors and comments of Comptroller and Auditor General of India have already been circulated to you and with your permission, I will take them as read. Now, I would like to elaborate the brief financial highlights and achievements during the year 2021-22 along with the future prospects of the Company.

## ECONOMIC SCENARIO:

Though the outlook for global economy in short term is clouded by considerable uncertainties, its long-term positive outlook is still intact. As per the World Economic outlook report of International Monetary Fund (IMF), the global growth in 2022 is expected to slow down from 6.1% in the 2021 to 3.2% in 2022 and for India, it has predicted growth of 7.4% and 6.1% in the year 2022 and 2023 respectively. The pandemic has fast tracked the journey into the future through exponential pace of digital adoption and innovations world over. Never before in a short time, so many transformations have taken place. In the turbulent environment, resilience shown by the Indian Economy has kept it buoyant. The release of suppressed demand, the ease of mobility restrictions, nearly universal vaccine coverage, impetus on infrastructure, various initiatives taken by the Government of India are all helping in the revival of business. In this process, the service sector will be the engine of significant growth in which the logistics sector is likely to play a vital role.




## SECTORAL PERFORMANCE:

During the year, Indian Railways registered an increase of 15% in the originating loading cargo from 1,233.22 million tonnes in 2020-21 to 1,418.27 million tonnes in the year 2021-22. The originating containerized cargo transported by rail has increased by 17.63% from 63.23 million tonnes in 2020-21 to 74.38 million tonnes in 2021-22.

In value terms, total exports of the country increased by 43.81% from 291.81 billion dollars in 2020-21 to 419.65 billion dollars in 2021-22. Imports of the country have also registered positive growth by 55.13% from 394.44 billion dollars in 2020-21 to 611.89 billion dollars in 2021-22.


The growth of the logistics sector is largely driven by the economic activities internationally and within the country. The Government has recognized the importance of infrastructure and logistics industry in the economic growth and has taken many initiatives in this direction. The work started under National Infrastructure Pipeline (NIP), National Monetization Pipeline (NMP) and PM Gati Shakti-National Master Plan for Multi-modal Connectivity, will go a long way for sustainable development of infrastructure in the country. Various steps under the AatmaNirbhar Bharat, Production Linked Incentive (PLI), etc. will help in the growth and development of the industries within the country. The plan to set up 25,000 km of new highways, 100 new cargo terminals, multimodal connectivity between mass urban transport and railways along with faster implementation and innovative ways of financing will give a big boost to logistics facilities across the country.

The National Logistics Policy (NLP) unveiled by Hon'ble Prime Minister, will help in establishing a technologically enabled, integrated, cost-efficient, sustainable and trusted logistics ecosystem in the country for accelerated and inclusive growth. The policy aims to reduce cost of logistics in India. By doing away with the host of long and cumbersome process for the trade, the Unified Logistics Interface Platform (ULIP), will bring all the digital services related to the transportation sector into a single portal.

Your Company is fully geared to take advantage from the above initiatives to achieve substantial growth.

## PERFORMANCE HIGHLIGHTS:

With the relentless commitment and dedication of every member of CONCOR family, your company has achieved yet another year of outstanding performance. I am delighted with the performance of your Company as it has done extremely well on all fronts. The impressive performance of the Company on various parameters such as physical volumes, financial, CAPEX, dividend, etc. are as follows:




### Business Volumes, Turnover and Profitability

The year 2021-22 has been the year of outstanding performance for your Company, in which it achieved the highest ever handling volumes of 4 million TEUs as against 3.6 million TEUs in the FY 2020-21 i.e. a growth of 11.8%. It transported 47.69 million tonnes of cargo volume by rail during the year showing 13.5% increase over previous year. It registered a growth of 7.7% and 32.3% in EXIM and Domestic throughput respectively. The Company also achieved the highest ever gross turnover of Rs.7,857 crores, as against Rs.6,670 crores in FY 2020-21 i.e. a growth of 17.8%. The Profit after tax of the Company stood at Rs.1,062 crores with an increase of 111% over previous year.


### Capital Expenditure

To achieve the mission of becoming the first choice of our customers, the Company remains firmly committed for development and expansion of its terminals, acquisition of wagons, containers, handling equipment and creating IT Infrastructure. In 2021-22, the Company has developed two new facilities at Multi Modal Logistics Park at Mundra, Gujarat and Rail Transhipment Hub at Swarupganj, Rajasthan. It has incurred Rs.603 crores as Capital expenditures. At the year end, it has a robust fleet of 16,679 wagons, 37,431 containers, 108 RSTs, 14 gantry cranes and 31 Reefer power packs of different capacity.




### Net Worth, Dividend and Market Capitalisation

The Net worth and market capitalization of the Company as on 31.03.2022 was Rs.10,777 crores and Rs.40,954 crores respectively. The Company has always followed the policy of sharing the wealth it has created amongst its shareholders. During the year, on equity share of Rs. 5/- each, two interim dividends of 80% (Rs. 4/- per share) and 40% (Rs. 2/- per share) were paid to the shareholders and a final dividend of 60% (Rs.3/- per share) for the FY 2021-22 has been recommended for approval of shareholders. With this, the total dividend payment for the year, will be amounting to Rs.548.36 crores, which is 51.62% of net profit. As a testimony of your confidence in the Company, the numbers of shareholders have grown consistently over the years and as on 31.03.2022, the number of shareholders were 1.36 lakh.




## STRATEGIES AND INITIATIVES:

Your Company continues to be the market leader in multi-modal logistics in India with the largest available network of container terminals having presence in almost all container handling ports and major industrial hubs. It has a large fleet of rolling stock, containers, handling equipment, IT enabled operations with customs and customers interface enabling your Company to provide efficient and reliable value-added services.

Recently, the Union Cabinet has approved Railways' land policy to implement PM Gati-Shakti Cargo Terminal framework which will help in setting up and development of infrastructure required for boosting the growth of logistics sector.

The Company has developed complete dust proof and moisture free solution for loading, unloading & transportation of bulk Cement & Fly Ash into the silo and bulker through 20' ISO standard containers. This will not only help in capturing the substantial volumes of traffic by rail but will also be an environment friendly mode of transporting commodities in bulk.

To support the EXIM trade dealing with shortage of containers in hinterland, scheme of aggressive discount for repositioning of empty containers for export purpose has been introduced. Steps are also taken to meet the shortage of containers for exporters in which CONCOR provided its own containers for overseas movement. In order to promote the AatmaNirbhar Bharat in container manufacturing, initiatives have been taken by floating EOI for development of vendors for indigenous manufacturing. Subsequently, orders for procurement of 18,000 containers were placed with indigenous manufacturers.



The Company has introduced business solutions services under which single window services for various activities pertaining to custom clearance, cargo and container transportations are being provided in most economic and reliable manner.

The Company has developed solutions for improving its asset utilisation through introduction of shunting locos in phased manner at our major terminals. This will result in efficient handling at terminals and reduction in the detention time. All the new procurements of containers and wagons are of higher carrying capacity. The focus area is now going to be carrying the commodities in bulk and commencement of distribution logistics under PPP mode.

During the year, work was done through many other business initiatives, to name a few are usage of high capacity BLCS rakes for containers movement, carrying wheat in bulk, banana export through special container trains, running of two double stake rakes of 180 TEUs as python rake of 360 TEUs from our terminal at Khatuwas (Rajasthan), Bonded trucking facilities, etc.

## SUBSIDIARIES, JOINT VENTURES AND ALLIANCES:

To diversify, expand and enter the new markets, your company has entered into different business alliances, including by setting up JVs (Joint Ventures) and Subsidiaries. At Present, your Company has four Subsidiaries and ten Joint Venture (JV) Companies. These alliances are in the related fields of sea port operations, last mile connectivity, container freight stations, air cargo and cold chain logistics. With such partnerships, we have achieved several synergic benefits and they have contributed to the revenues of CONCOR and have helped in the overall growth of its business. Most of the JVs are doing very well and have been paying dividend regularly.

## TECHNOLOGY AND STANDARDISATION:

The Company is actively involved in leveraging its existing digital assets and has undertaken further investments in technology driven solutions to improve operational efficiencies with focus on providing quality services. With the usage of well established digital assets during the pandemic, all our terminals operated at full capacity. The Company works in paperless e-office environment and all its operating and financial systems are well integrated. As an organisation, we always strive to excel with the use of latest and more advanced technologies. We believe that extensive use of technology will help us respond to the ever-changing business scenarios and stay ahead in the market. To improve its service standards, your Company is working on further automation of its operations by planning implementation of Artificial Intelligence (AI) based systems at its terminals. The adoption of AI will improve our service standard as the movement of containers and cargo at the terminals can be captured and shared on real time basis without any manual intervention.

## HUMAN RESOURCE MANAGEMENT:

Your Company's journey up till now would have been impossible without the dedication and hard work of Team CONCOR. The Company is focussed on attracting, developing and retaining the meritorious talent. It encourages its workforce to identify their short and long term goals and through training, motivation, exposure, etc., guidance is provided to achieve the same. Regular initiatives are taken to keep the workforce updated with the latest technologies and skill-sets that are necessary to fulfil the organisational as well as individual goals.




It is believed that a diverse workforce brings with it, different perspectives, experiences and competencies and making us more innovative, inclusive, and competitive. The work environment which actively incorporates different ideas, perspectives and leadership styles is encouraged. The endeavour is always to create a workplace that promotes gender equality, diversity and inclusivity. I deeply admire and appreciate the courage and determination of our team, as their professionalism, motivation and dedication has helped us in achieving our goals.

## CORPORATE GOVERNANCE:

Your Company is a Navratna Undertaking and good Corporate Governance is the core to its success. It conducts its business in a responsible way by maintaining a high level of organizational integrity and ethical behavior. It has put in place the framework of best policies, practices, structure and ethics in the Organisation. Today your Company is a well respected corporate citizen and it has earned the trust and goodwill of all the stakeholders. It is committed to do things the right way, which includes taking business decisions and acting in ways that are ethical and compliant to applicable legislations. In my view the foundation for our success has been rooted in our work culture and values with our ethos of 'Customer Value Creation'.

## CORPORATE SOCIAL RESPONSIBILITY:

Your Company always believes in carrying out its business activities in a socially and environmentally responsible manner by balancing the needs of all stakeholders and contributing to the upliftment and well-being of the disadvantaged sections of the society. In this respect, it is fully conscious and sensitive of its role as a corporate citizen and has put in place a well-structured policy on Corporate Social Responsibility. The key areas covered were in the field of health, education, skill development, environment sustainability, sports, infrastructure development, etc. An amount of Rs.15.17 crores was utilized during the year on CSR activities, which inter-alia included work in the following areas:

- Infrastructure Development of schools.
- Construction of toilet blocks at public places.
- Education for poor children in Uttar Pradesh and Delhi.
- Cancer detection camps and hand holding with cancer patients in Delhi, Visakhapatnam and Hyderabad.
- Organizing Mobile medical camps and free cataract surgeries for stakeholders in NCR.
- Support in prevention of beggary, promoting education and creating sports infrastructure.
- Providing support for Covid-19 in the form of vaccination, equipment like oxygen concentrators, ICU ventilators, medical beds, etc.
- In four aspirational districts Visakhapatnam (Andhra Pradesh), Asifabad (Telangana), Chandauli and Shravasti (Uttar Pradesh), assistance was provided for procurement of various health equipment, provided scooter for medical workers, construction of public toilets, set up water ATM/RO plants, construction of Asha Ghar/Waiting hall (with toilet), etc.

## WAY FORWARD:

Your Company is sharpening its focus on the holistic growth, which will not only be in terms of profits but will bring positive changes and impacts on the society and environment. This approach will help us creating sustainable value for our customers, employees and other stakeholders.

I am of the firm belief that the logistics is going to be the sunrise sector of the future. With this vision, CONCOR has been moving ahead and taking lot of business initiatives, to tap the opportunities that will come on its way.

The pace of economic activity has picked up during FY 2021-22 and the momentum is expected to continue. Economic activities such as expansion of road infrastructure, commencement of operations of dedicated freight corridors, implementation of various plans of Government under PM Gati-Shakti, AatmaNirbhar Bharat, NIP, NLP, PLI, etc. will open new avenues for substantial growth in the logistics sector for which your Company is future ready. The initiatives taken by your Company in the field of moving bulk cargo in containers, increase in double stack movements of containers, expansion of business in neighbouring countries, distribution logistics, Non Vessel Owning Common Carrier (NVOCC) service, container as warehouse, development of rail trans-shipment hubs, solutions for First Mile Last Mile (FMLM) connectivity, etc. will substantially contribute towards the future growth of its business.




## ACKNOWLEDGEMENT:


Before concluding, I on behalf of the Board of Directors, would like to thank the Ministry of Railways, Shipping, Commerce and Industry, Finance other Ministries, Departments of the Government of India, various State Governments, shareholders, investors, JV partners, lenders, suppliers and customers for their consistent support and motivation.

I acknowledge and appreciate the guidance and valuable support of colleagues on the Board, C&AG of India and our Auditors. I also extend my thanks to the electronic and print media for providing constructive coverage.

My heartfelt gratitude and appreciation to all the employees of the Company for their consistent outstanding performance and contributions.


Dear shareholders, I would like to thank you for your trust and confidence which has always been the vital fuel in our majestic journey of steady growth and success.

I wish and pray for the good health and safety of you and your loved ones.

***Thank you once again, Ladies and Gentlemen.***

28th September, 2022 — (V. Kalyana Rama)
New Delhi — Chairman and Managing Director

**Note:** This does not purport to be a record of the proceedings of the 34th Annual General Meeting of the Company.


Regd. Office : CONCOR Bhawan, C-3, Mathura Road, Opp. Apollo Hospital,
New Delhi -110 076 CIN: L63011DL1988GOI030915
Ph.: 011-41222500/600/700 | Website : www.concorindia.co.in | E-mail : investorrelations@concorindia.com





BONDED TRUCKING SERVICE





BANANA EXPORT SPECIAL CONTAINER TRAIN IN APRIL




DIRECT PORT DELIVERY



FIRST MILE LAST MILE



BONDED WAREHOUSING

# राष्ट्रीय प्रगति हेतु लॉजिस्टिक्स क्रांति





स्वदेशी कंटेनरों का निर्माण

कॉनकॉर CONCOR

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव


डीएफसी पर डबल स्टैक ट्रेन


कंटेनरों का प्रयोग गोदाम के रूप में


थोक सीमेंट संचालन


लॉजिस्टिक सॉल्यूशन एंड टू एंड

## भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड की 34वीं वार्षिक सामान्य बैठक में अध्यक्षीय भाषण

**वी. कल्याण रामा**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

प्रिय सदस्यों, *आप सभी को सादर नमस्कार!*

आपकी कंपनी की इस 34वीं वार्षिक आम बैठक में आपका स्वागत करना मेरे लिए सौभाग्य और सम्मान की बात है। पूरे बोर्ड और प्रबंधन की ओर से, मैं आप में से प्रत्येक को अपना कीमती समय देने और हमारे साथ एक बार फिर से वर्चुअल रूप से जुड़ने के लिए आपको धन्यवाद देता हूँ।

सबसे पहले, मैं आप सभी को भारत की आजादी के 75वें वर्ष का जश्न मनाने वाले आजादी का अमृत महोत्सव की बधाई देता हूं। इन वर्षों में प्रतिबद्ध कार्यबल और मजबूत लोकतंत्र के साथ, भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती एक अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। वर्तमान में, भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और अगले दशक में विश्व स्तर पर शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने की उम्मीद है।

कोविड–19 महामारी के कारण पिछले दो वर्ष हम सभी के लिए चुनौतीपूर्ण रहे। यह देखना वाकई संतोषजनक है कि दुनिया अब इस महामारी से लगभग उबर चुकी है। हालांकि, गंभीर आर्थिक तनाव, बढती मुद्रास्फीति, भू–राजनीतिक तनाव और सप्लाई चेन गतिरोध के कारण व्यापक अनिश्चितता है जो वैश्विक मंदी को चुनौती दे रही है। ऐसे अप्रत्याशित माहौल में, यह खुशी की बात है कि हमारी सरकार के सक्रिय नीतिगत उपायों और महामारी के कुशल प्रबंधन से प्रेरित होकर देश ने सराहनीय लचीलापन और मजबूत रिकवरी का प्रदर्शन किया है। यह प्रशंसनीय है कि सरकार के तत्काल चुनौतियों का कुशलता से समाधान करते हुए, विश्व स्तर पर हमारी प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए अनुकूल वातावरण बनाकर पथ–प्रदर्शक सुधार और नीतिगत फैसले लेना जारी रखा है। परिणामस्वरूप, भारत की अर्थव्यवस्था फल–फूल रही है और हमारा देश वैश्विक निवेश को आकर्षित करने और भविष्य में तेजी से बढ़ने के लिए तैयार है।

वैश्विक व्यवधानों और चुनौतियों के बीच आपकी कंपनी ने व्यापार और उद्योग को अपनी कुशल सेवाओं के साथ निर्बाध लॉजिस्टिक्स सहायता प्रदान करने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। इसने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और अपने मजबूत बुनियादी ढांचे में सुधार किया है। आपकी कंपनी भविष्य के आर्थिक परिदृश्य के बारे में आशावादी है।

31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए निदेशकों की रिपोर्ट, लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक की टिप्पणियों के साथ आपको पहले ही भेजी जा चुकी है। आपकी अनुमति से मैं उन्हें पढ़ा हुआ मानता हूं। अब, मैं कंपनी की भविष्य की संभावनाओं के साथ वर्ष 2021–22 के दौरान संक्षिप्त वित्तीय हाइलाइट्स और उपलब्धियों को सांझा करना चाहता हूं ।

### आर्थिक परिदृश्यः

हालांकि अल्पावधि में वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए काफी अनिश्चितताओं के बादल छाए रहें, लेकिन इसका दीर्घकालिक सकारात्मक दृष्टिकोण अभी भी बरकरार है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की विश्व आर्थिक रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक विकास दर 2021 में 6.1% से घटकर 2022 में 3.2% और भारत के लिए 2022 और 2023 के लिए वृद्धि दर क्रमशः 7.4% और 6.1% की भविष्यवाणी की गई है। दुनिया भर में डिजिटल प्रक्रिया अपनाने तथा महामारी से इनोवेशन के फलस्वरूप इसको गति मिली। इतने कम समय में पहले कभी इतने परिवर्तन नहीं हुए। अशांत वातावरण में भारतीय अर्थव्यवस्था द्वारा दिखाए गए लचीलेपन ने इसे उर्जावान किया है। दबी हुई मांग में उछाल, प्रतिबंधों में छूट, लगभग सार्वभौमिक वैक्सीन कवरेज, बुनियादी ढांचे में प्रोत्साहन और भारत सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहल, सभी व्यवसाय के पुनरुद्धार में मददगार कर रही हैं। इस प्रक्रिया में सेवा क्षेत्र विकास के लिए महत्वपूर्ण होगा जिसमें लॉजिस्टिक्स सेक्टर द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाए जाने की संभावना है।

पिछले 10 वर्षों के दौरान प्रदर्शन (करोड़ में)




### क्षेत्रवार प्रदर्शनः

वर्ष के दौरान, भारतीय रेलवे ने मूल लोडिंग कार्गो में 15% की वृद्धि दर्ज करते हुए 2020–21 के 1,233.22 मिलियन टन से वर्ष 2021–22 में 1,418.27 मिलियन टन ट्रांसपोर्ट किया। रेल द्वारा परिवहन किए जाने वाले मूल कंटेनरीकृत कार्गो 2020–21 के 63.23 मिलियन टन से बढ़कर 2021–22 में 74.38 मिलियन टन हो गए हैं और इसमें 17.63% की वृद्धि दर्ज की गई।

मूल्य के संदर्भ में, देश का कुल निर्यात 2020–21 के 291.81 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2021–22 में 419.65 बिलियन डॉलर हो गया और इसमें 43.81% वृद्धि दर्ज की गई। देश के आयात में भी 55.13% की सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है, जो 2020–21 के 394.44 बिलियन डॉलर से बढकर 2021–22 में 611.89 बिलियन डॉलर हो गया है।

लॉजिस्टिक्स सेक्टर का बड़े पैमाने पर विकास अंतरराष्ट्रीय स्तर और देश के भीतर आर्थिक गतिविधियों से प्रेरित है। सरकार ने आर्थिक विकास में बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक्स उद्योग के महत्व को पहचाना है और इस दिशा में कई पहल की है। नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन (एनआईपी), नेशनल मोनीटाईजेशन पाइपलाइन (एनएमपी) और पीएम गति शक्ति–नेशनल मास्टर प्लान फॉर मल्टीमॉडल कनैक्टिविटी के अंतर्गत शुरू किया गया कार्य देश में बुनियादी ढांचे के सतत विकास के लिए एक लंबा सफर तय करेगा। आत्मनिर्भर भारत के तहत विभिन्न कदम, उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई), आदि देश के भीतर उद्योगों के विकास में मदद करेंगे। 25,000 किलोमीटर के नए राजमार्ग, मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क के साथ 100 नए कार्गो टर्मिनल स्थापित करने और शहरी परिवहन को रेलवे से जोड़ने की योजना के साथ वित्त प्रदान करने के नए रास्तों को ढूढने से देशभर में तीव्र गति से लॉजिस्टिक सुविधाएं लागू करने में बढ़ावा मिलेगा।

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा घोषित नेशनल लॉजिस्टिक्स पॉलिसी (एनएलपी), त्वरित और समावेशी विकास के लिए देश में तकनीकी रूप से सक्षम, एकीकृत, लागत प्रभावी, दीर्घकालीन और विश्वसनीय लॉजिस्टिक्स ईको सिस्टम स्थापित करने में मदद मिलेगी। इस पॉलिसी का उद्देश्य भारत में लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना है। व्यापार के लिए लंबी और बोझिल प्रक्रिया को खत्म करके, यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (ULIP), ट्रांसपोर्ट सेक्टर क्षेत्र से संबंधित सभी डिजिटल सेवाओं को एक ही पोर्टल में लाएगा।

आपकी कंपनी पर्याप्त वृद्धि हासिल करने के लिए उपरोक्त पहलों का लाभ उठाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

### निष्पादन उपलब्धियांः

कॉनकॉर परिवार के प्रत्येक सदस्य की अथक प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ, आपकी कंपनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन का एक और वर्ष हासिल किया है। मैं आपकी कंपनी के प्रदर्शन से खुश हूं क्योंकि इसने सभी मोर्चों पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। भौतिक वॉल्यूम, वित्तीय, कैपेक्स, लाभांश, आदि जैसे विभिन्न मापदंडों पर कंपनी का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा, जो इस प्रकार है:–

कुल थ्रूपुट (लाख रु. में)




### बिजनेस वॉल्यूम, टर्नओवर और लाभप्रदता

2021–22 का वर्ष आपकी कंपनी के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन का रहा है। वित्त वर्ष 2020–21 के 3.6 मिलियन टीईयू की तुलना में इस वर्ष 4 मिलियन टीईयू की अब तक की सबसे अधिक वॉलयूम हैंडलिंग हुई, अर्थात 11.8% की वृद्धि दर्ज हुई। इसने वर्ष के दौरान रेल द्वारा 47.69 मिलियन टन कार्गो का परिवहन किया, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में 13.5% की वृद्धि दर्शाता है। इसने एक्जिम और आंतरिक थ्रूपुट में क्रमशः 7.7% और 32.3% की वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी ने वित्त वर्ष 2020–21 के 6,670 करोड़ रुपये के मुकाबले वर्ष 2021–22 के 7,857 करोड़ रुपये का अब तक का सबसे अधिक सकल कारोबार हासिल किया जिससे 17.8% की वृद्धि दर्ज हुई है। कंपनी का कर पश्चात लाभ पिछले वर्ष की तुलना में 111% की वृद्धि के साथ 1,062 करोड़ रुपये रहा।

### पूंजीगत व्यय

अपने ग्राहकों की पहली पसंद बनने के मिशन को प्राप्त करने के लिए, कंपनी अपने टर्मिनलों का विकास और विस्तार, वैगनों, कंटेनरों के अधिग्रहण, उपकरणों को संभालने और आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। 2021–22 में, कंपनी ने मुंद्रा, गुजरात में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क और राजस्थान के स्वरूपगंज में रेल ट्रांसशिपमेंट हब में दो नई सुविधाएं विकसित की हैं। इसने पूंजीगत व्यय के रूप में 603 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। वर्ष के अंत में, इसके पास 16,679 वैगन, 37,431 कंटेनर, 108 आरएसटी, 14 गैन्ट्री क्रेन और विभिन्न क्षमता के 31 रीफर पावर पैक का एक मजबूत बेड़ा मौजूद है।

बुनियादी ढांचा: एक त्वरित नजर




### नेट वर्थ, डिविडेंड और मार्केट कैपिटलाइज़ेशन

दिनांक 31.03.2022 को कंपनी की कुल नेटवर्थ और बाजार पूंजीकरण क्रमशः 10,777 करोड़ रुपये और 40,954 करोड़ रुपये था। कंपनी ने हमेशा अपने शेयरधारकों के बीच अपनी संपत्ति को साझा करने की नीति का पालन किया है। वर्ष के दौरान, शेयरधारकों को 5/– रुपये के प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 80% (रु. 4/– प्रति शेयर) और 40% (2/– रुपये प्रति शेयर) के दो अंतरिम लाभांश का भुगतान किया गया। वित्त वर्ष 2021–22 के लिए शेयरधारकों के अनुमोदन के लिए अंतिम लाभांश के रूप में 60% (3/–रु प्रति शेयर) की सिफारिश की गई है। इसके साथ, वर्ष के लिए कुल लाभांश भुगतान 548.36 करोड़ रुपये होगा, जो शुद्ध लाभ का 51.62% है। कंपनी में आपके विश्वास के प्रमाण के रूप में, शेयरधारकों की संख्या में पिछले कुछ वर्षों में लगातार वृद्धि हुई है और 31.03.2022 को शेयरधारकों की संख्या 1.36 लाख थी।

लाभांश (करोड़ रु. में)




### कार्यनीति एवं गतिविधियाँः

आपकी कंपनी कंटेनर टर्मिनलों के सबसे बड़े उपलब्ध नेटवर्क के साथ भारत में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स में मार्केट लीडर बनी हुई है, जिसकी मौजूदगी लगभग सभी कंटेनर हैंडलिंग पोर्ट और प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में है। इसमें रोलिंग स्टॉक, कंटेनर, हैंडलिंग उपकरण, सीमा शुल्क और ग्राहक इंटरफेस के साथ आईटी सक्षम संचालन का एक बड़ा बेड़ा है जो आपकी कंपनी को कुशल और विश्वसनीय मूल्य वर्धित सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाता है।

हाल ही में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम गति शक्ति कार्गो टर्मिनल फ्रेमवर्क को लागू करने के लिए रेलवे की लैंड पॉलिसी को मंजूरी दी है जो लॉजिस्टिक्स सेक्टर के विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे की स्थापना और विकास में मदद करेगी।

कंपनी ने 20' आईएसओ मानक कंटेनरों के माध्यम से थोक सीमेंट और फ्लाई ऐश को साइलो और बल्कर में लोड करने, उतारने और परिवहन के लिए डस्ट प्रूफ और मॉस्चर फ्री सॉल्यूशन डेवलप किया है। इससे रेल द्वारा ट्रांसपोर्ट हेतु पर्याप्त वॉल्यूम प्राप्त होगा और साथ में थोक वस्तुओं के पर्यावरण अनुकूल परिवहन में भी मदद मिलेगी।

हिंटरलैंड एरिया में कंटेनरों की कमी से जूझ रहे एक्जिम बिजनेस के प्रोत्साहन हेतु, निर्यात उद्देश्य के लिए खाली कंटेनरों के परिवहन में आकर्षक छूट योजना शुरू की गई है। निर्यातकों के लिए कंटेनरों की कमी को पूरा करने के लिए भी कदम उठाए गए हैं। कॉनकॉर ने अपने निजी के कंटेनर विदेशी आवाजाही के लिए उपलब्ध कराए हैं। कंटेनर निर्माण में आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए, स्वदेशी विनिर्माण हेतु उत्पादकों के विकास के लिए ईओआई जारी की गई है। इसके बाद स्वदेशी निर्माताओं को 18,000 कंटेनरों की खरीद के आदेश दिए गए है।



कंपनी ने बिजनेस सॉल्यूसन सर्विस शुरू की हैं जिसके तहत कस्टम क्लीयरेंस, कार्गो और कंटेनर ट्रांसपोर्टेशन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के लिए सबसे किफायती और विश्वसनीय तरीके से सिंगल विंडो सर्विस प्रदान की जा रही हैं।

कंपनी ने प्रमुख टर्मिनलों पर चरणबद्ध तरीके से शंटिंग इंजनों की शुरूआत के माध्यम से अपनी परिसंपत्ति उपयोग में सुधार के लिए समाधान विकसित किए हैं। इसके परिणामस्वरूप टर्मिनलों पर कुशल संचालन होगा और समय की बचत हो्गी। कंटेनरों और वैगनों की सभी नई खरीद उच्च वहन क्षमता की हैं। अब थोक में वस्तुओं को ले जाने और पीपीपी मोड के तहत डिस्ट्रिब्युशन लॉजिस्टिक शुरू करना प्राथमिक क्षेत्र है।

वर्ष के दौरान, कई अन्य व्यावसायिक पहलों के माध्यम से काम किया गया जिनमें कंटेनरों की आवाजाही के लिए उच्च क्षमता वाले बीएलसीएस रेक का उपयोग, थोक में गेहूं ले जाना, विशेष कंटेनर ट्रेनों के माध्यम से केले का निर्यात, खाटूवास (राजस्थान) स्थित टर्मिनल से 180 टीईयू के दो डबल स्टेक अर्थात 360 टीईयू का पायथन रेक चलाना, बॉंडेड ट्रकिंग आदि सुविधाएं मुख्य हैं।

### सहायक कंपनियां, संयुक्त उद्यम और गठबंधनः

विविधता, विस्तार और नए बाजारों में उतरने के लिए आपकी कंपनी ने विभिन्न व्यावसायिक गठबंधनों में प्रवेश किया है, जिसमें संयुक्त उद्यम और सहायक कंपनियां स्थापित करना शामिल है। वर्तमान में आपकी कंपनी की 4 सहायक कंपनियां और 10 संयुक्त उद्यम हैं। ये गठबंधन समुद्री बंदरगाह परिचालन, लॉस्ट माईल कनेक्टिविटी, कंटेनर फ्रेट स्टेशन, एयर कार्गो और कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स के संबंधित क्षेत्रों हैं। इस तरह की साझेदारियों के साथ हमने कई सहक्रियात्मक लाभ हासिल किए हैं और उन्होंने कॉनकॉर के राजस्व में योगदान दिया है और इसके व्यवसाय के समग्र विकास में मदद की है। अधिकांश संयुक्त उद्यम बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और नियमित रूप से लाभांश का भुगतान कर रहे हैं।

### प्रौद्योगिकी और मानकीकरण

आपकी कंपनी अपने मौजूदा डिजिटल साधनों का भरपूर उपयोग कर रही है। गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने पर ध्यान देने के साथ–साथ परिचालन क्षमता में सुधार हेतु प्रौद्योगिकी से संचालित समाधानों में निवेश किया गया है। महामारी के दौरान सुदृढ सुस्थापित डिजिटल साधनों के उपयोग से हमारे सभी टर्मिनल पूरी क्षमता से संचालित हुए। कंपनी पेपरलेस ई–ऑफिस वातावरण में काम करती है और इसके सभी ऑपरेटिंग और वित्तीय सिस्टम अच्छी तरह से एकीकृत हैं। एक संगठन के रूप में, हम हमेशा नवीनतम और अधिक उन्नत तकनीकों के उपयोग के साथ उत्कृष्टता प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। हमें विश्वास है कि प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग से हमें हमेशा बदलते कारोबारी परिदृश्यों का जवाब देने और बाजार में आगे रहने में मदद मिलेगी। अपने सेवा मानकों में सुधार करने के लिए आपकी कंपनी अपने टर्मिनलों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आध ारित प्रणालियों के कार्यान्वयन की योजना बनाकर संचालन के काम कर रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को अपनाने से हमारे सेवा मानक में सुधार होगा क्योंकि टर्मिनलों पर कंटेनरों और कार्गो की आवाजाही को बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के वास्तविक समय के आधार पर प्राप्त एवं हस्तांतरित किया जा सकता है।

### मानव संसाधन प्रबंधनः

आपकी कंपनी की अब तक की यात्रा टीम कॉनकॉर के समर्पण और कड़ी मेहनत के बिना संभव नही है। कंपनी मेधावी प्रतिभाओं को आकर्षित करने, उनका विकास करने और उन्हें बनाए रखने पर केंद्रित है। यह अपने कार्यबल को उनके अल्पकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्यों की पहचान करने के लिए प्रोत्साहित करती है और प्रशिक्षण, प्रेरणा, प्रदर्शन आदि के माध्यम से उन्हें प्राप्त करने के लिए उनका मार्गदर्शन भी करती है। संगठनात्मक और व्यक्तिगत लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक नवीनतम तकनीकों और स्किल–सेट के साथ कर्मचारियों को अपडेट रखने के लिए नियमित पहल की जाती है।

**सूचना प्रौद्योगिकी पहल**

ई–फैसिलिटी
1. केवाईसीएल – मोबाइल एप, चैटबॉट आदि के माध्यम से ऑनलाइन ट्रैक एवं ट्रेस के लिए।
2. मोबाइल एप – ग्राहकों जैसे ट्रैक एवं ट्रेस, टैरिफ, कंपनी डायरेक्टरी, न्यूज एवं टर्मिनल जानकारी आदि के लिए।
3. ई–फाइलिंग – एक्जिम (रिपोर्ट एवं पूछताछ) के लिए मोबाइल एप के माध्यम से एप्लीकेशन।
4. ई–ऑफिस – फिजिकल फाइलों को रिप्लेस करने के लिए।
5. ई–फाइलिंग फैसिलिटी – कंटेनरों की ऑनलाइन बुकिंग के लिए।
6. ई–कॉन्ट्रैक्टर बिलिंग – बिलों को ऑनलाइन जमा करने के लिए।



ऐसा मानना है कि एक विविध कार्यबल अपने साथ विभिन्न दृष्टिकोण, अनुभव और दक्षता लाता है और हमें अधिक नवीन, समावेशी और प्रतिस्पर्धी बनाता है। विभिन्न विचारों, दृष्टिकोणों और नेतृत्व शैलियों को सक्रिय रूप से शामिल करने वाले कार्य वातावरण को कंपनी प्रोत्साहित करती है। हमारा प्रयास हमेशा एक ऐसा कार्यस्थल बनाने का होता है जिसमें लैंगिक समानता, विविधता और समावेशिता को बढ़ावा मिले। मैं हमारी टीम के साहस और दृढ़ संकल्प की खुले मन से प्रशंसा और सराहना करता हूं, क्योंकि उनकी व्यावसायिकता, प्रेरणा और समर्पण ने हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद की है।

### निगमित शासनः

आपकी कंपनी एक नवरत्न उपक्रम है और बेहतर कॉर्पोरेट गवर्नेंस इसकी सफलता का मूल है। यह उच्च स्तर की संगठनात्मक अखंडता और नैतिक व्यवहार को बनाए रखकर अपने व्यवसाय को एक जिम्मेदार तरीके से संचालित करता है। इसने संगठन में सर्वोत्तम नीतियों, प्रथाओं, संरचना और नैतिकता की रूपरेखा तैयार की है। आज आपकी कंपनी एक सम्मानित कॉर्पोरेट कंपनी है और इसने अपने सभी हितधारकों का विश्वास और सद्भावना अर्जित किया है। कंपनी व्यवसाय को सही तरीके से करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें व्यावसायिक निर्णय लेना और उन तरीकों से कार्य करना शामिल है जो नैतिक और लागू कानूनों के अनुरूप हों। मेरे विचार से हमारी सफलता की बुनियाद हमारी कार्य संस्कृति और 'ग्राहक मूल्य निर्माण' के हमारे लोकाचार के साथ हमारे मूल्यों में निहित है।

### निगमित सामाजिक दायित्व

आपकी कंपनी हमेशा सभी हितधारकों की जरूरतों को संतुलित करके और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान और कल्याण में योगदान देकर सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से जिम्मेदार तरीके से अपनी व्यावसायिक गतिविधियों को पूरा करने में विश्वास करती है। इस संबंध में, यह एक कॉर्पोरेट कंपनी के रूप में अपनी भूमिका के प्रति पूरी तरह से जागरूक और संवेदनशील है। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पर स्पष्ट परिभाषित पॉलिसी बनाई गई है। स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास, पर्यावरण स्थिरता, खेल, बुनियादी ढांचे के विकास आदि के क्षेत्र में मुख्य गतिविधियां चलाई गई हैं। वर्ष के दौरान 15.17 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग विभिन्न सीएसआर गतिविधियों पर किया गया। इन गतिविधियों में निम्नलिखित कार्य किए गए:

- स्कूलों के बुनियादी ढांचें का विकास।
- सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय ब्लॉकों का निर्माण।
- उत्तर प्रदेश और दिल्ली में गरीब बच्चों के लिए शिक्षा।
- दिल्ली, विशाखापत्तनम और हैदराबाद में कैंसर का पता लगाने वाले शिविर और कैंसर रोगियों को सहायता।
- दिल्ली एनसीआर में स्टैकहोल्डरों के लिए मोबाइल चिकित्सा शिविर और मुफ्त मोतियाबिंद सर्जरी का आयोजन।
- भिक्षावृत्ति की रोकथाम तथा शिक्षा को बढ़ावा एवं स्पोर्टस् इन्फ्रास्ट्रक्चर में सहायता।
- कोविड–19 महामारी की रोकथाम हेतु टीकाकरण, ऑक्सीजन कनसंट्रेटर आईसीयू वेंटिलेटर, चिकित्सा बिस्तर आदि जैसे उपकरण उपलब्ध कराने में सहायता ।
- चार आकांक्षी जिलों विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश), आसिफाबाद (तेलंगाना), चंदौली और श्रावस्ती (उत्तर प्रदेश) में विभिन्न स्वास्थ्य उपकरण प्रदान करने में सहायता, मेडिकल कार्यकर्ताओं के लिए स्कूटर उपलब्ध कराना, सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण, वाटर एटीएम/आरओ प्लांट लगाना, आशा घर/वेटिंग हॉल (शौचालय के साथ) के निर्माण में सहायता प्रदान की गई ।

### भावी पथ :

आपकी कंपनी समग्र विकास पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है, जो न केवल मुनाफे के लिए बल्कि समाज और पर्यावरण पर सकारात्मक बदलाव और प्रभाव लाएगा। यह दृष्टिकोण हमें अपने ग्राहकों, कर्मचारियों और अन्य हितधारकों के लिए स्थायी वैल्यू बनाने में मदद करेगा।

मेरा दृढ़ विश्वास है कि लॉजिस्टिक्स क्षेत्र भविष्य के लिए लाभकारी रहेगा। इस विजन के साथ, कॉनकॉर आगे बढ़ रहा है और अपने रास्ते में आने वाले सभी अवसरों का प्राप्त करने के लिए बहुत सारी व्यावसायिक पहल कर रहा है।

वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान आर्थिक गतिविधियां तेज हो गई है और यह गति जारी रहने की उम्मीद है। सड़क के बुनियादी ढांचे का विस्तार, समर्पित फ्रेट कॉरिडोर के संचालन की शुरुआत, पीएम गति शक्ति, आत्मनिर्भर भारत, एनआईपी, एनएलपी, पीएलआई, आदि के तहत सरकार की विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन जैसी आर्थिक गतिविधियाँ लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में पर्याप्त वृद्धि के नए रास्ते खोलेंगी। इसके लिए आपकी कंपनी भविष्य के लिए तैयार है। कंटेनर में बल्क कार्गो ले जाने, कंटेनरों के डबल स्टैक मूवमेंट में वृद्धि, पड़ोसी देशों में व्यापार के विस्तार, डिस्ट्रिब्यूसन लॉजिस्टिक्स, नॉन वेसल ओनिंग कॉमन कैरियर (एनवीओसीसी), वेयरहाउस के रूप में कंटेनर, रेल ट्रांसशिपमेंट हब का विकास, फस्ट माइल लास्ट माइल (एफएमएलएम) कनैक्टिविटी का सोल्यूशन आदि आपकी कंपनी द्वारा की गई पहलें व्यवसाय के भविष्य के विकास में स्थायी रूप से योगदान देगी।

कुल आय और परिचालन आय (करोड़ में)




### आभारः

समापन से पहले, मैं निदेशक मंडल की ओर से रेल मंत्रालय, जहाजरानी, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, वित्त एवं अन्य मंत्रालय, भारत सरकार के विभागों, विभिन्न राज्य सरकारों, शेयरधारकों, निवेशकों, संयुक्त उद्यम भागीदारों, ऋणदाताओं, आपूर्तिकर्ताओं और ग्राहकों को उनके निरंतर समर्थन और प्रेरणा के लिए आभार प्रकट करता हूं।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक और हमारे लेखापरीक्षकों के मार्गदर्शन और मूल्यवान सहयोग के लिए शुक्रिया अदा करता हूं। रचनात्मक कवरेज प्रदान करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया को भी धन्यवाद देता हूं।

कंपनी के सभी कर्मचारियों को उनके निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन और योगदान के लिए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करता हूं और उनके कार्य की मैं सराहना करता हूं।

प्रिय शेयरधारकों, मैं आपके भरोसे और विश्वास के लिए आपको धन्यवाद देना चाहता हूं, जो निरंतर विकास और सफलता की हमारी इस शानदार यात्रा में हमेशा महत्वपूर्ण अंग रहा है।

मैं आपके और आपके प्रियजनों के अच्छे स्वास्थ्य और सुरक्षा की कामना एवं प्रार्थना करता हूं।

**देवियो और सज्जनो, एक बार फिर से आपका धन्यवाद।**

दिनांक : 28 सितंबर, 2022
नई दिल्ली

(वी. कल्याण रामा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

नोटः यह कंपनी की 34वीं वार्षिक आम बैठक की कार्यवाही का रिकॉर्ड नहीं है।

पंजीकृत कार्यालय : सी–3, कॉनकॉर भवन, मथुरा रोड, अपोलो होस्पिटल के सामने,
नई दिल्ली – 110 076 सीआईएन: L63011DL1988GOI030915
फोन : 011-41222500/600/700 | वेबसाइट: www.concorindia.co.in | ईमेल : investorrelations@concorindia.com


बॉन्डेड ट्रकिंग सर्विस


अप्रैल में बनाना एक्सपोर्ट विशेष कंटेनर ट्रेन


सीधे पोर्ट पर डिलीवरी


फर्स्ट माइल लास्ट माइल


बॉन्डेड वेयरहाउसिंग

## English Language

Times of India:

TIMES NATION 15

Economic Times:

Economy: Macro, Micro & More 7

Hindustan Times:

Hindustan Times MY DELHI 05

Mint:

mint CORPORATE 05

Financial Express:

WWW.FINANCIALEXPRESS.COM THURSDAY, SEPTEMBER 29, 2022

FINANCIAL EXPRESS COMPANIES 5

Indian Express:

WWW.INDIANEXPRESS.COM
THE INDIAN EXPRESS, THURSDAY, SEPTEMBER 29, 2022 THE CITY 7

Business Standard:

18 Business Standard

The Hindu:

2 THE HINDU City

Hindu Business Line:

businessline. news • bl • 3

## Hindi language

Navbharat Times:

www.delhi.nbt.in दिल्ली : महानगर : महाकवरेज 11

Hindustan:

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com अपनी दिल्ली नई दिल्ली गुरुवार 29 सितंबर 2022 02

Jansatta:

जनसत्ता 29 सितंबर, 2022

Business Standard:

बिज़नेस स्टैंडर्ड नई दिल्ली बाजार 3